# राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर
## पाठ्यचर्या सामग्री निर्माण एंव मूल्यांकन प्रभाग
## विज्ञान एवं गणित विभाग

ई–मेल director.siert @ rajasthan. gov.in, director.rscert@rajasthan. gov.in फोन–0294–2415171


क्रमांक–राराशैअप्रसं–उदय / प्र–1 / सेमिनार / फा–1226 / 19 दि. 23.07.2019

जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), माध्यमिक
समस्त जिले।

विषय – 'जिला एवं राज्य स्तरीय विज्ञान सेमिनार 2019' के आयोजन के संबंध में ।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद द्वारा नेहरू विज्ञान केन्द्र मुंबई के सौजन्य से कक्षा 8 से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला एवं राज्य स्तरीय विज्ञान सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है, जिसका विषय है–

## रासायनिक तत्वों की आवर्त सारणी : मानव कल्याण पर प्रभाव
## "Periodic Table of Chemical Elements : Impact on Human Welfare"

जिला स्तरीय विज्ञान सेमिनार का आयोजन आपके द्वारा अपने जिले में शिविरा पंचांग के अनुसार **दिनांक 22.07.2019 तक** किया जाना था किन्तु सेमिनार का विषय देरी से प्राप्त होने के कारण जिला स्तर पर विज्ञान सेमिनार का आयोजन दिनांक 10.08.2019 तक अनिवार्यतः सुनिश्चित करावें। इस हेतु मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करेगें। जिला स्तरीय विज्ञान सेमिनार के सफल आयोजनार्थ यह सुनिश्चित कर लें कि –

1. जिले के समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से जिले के राजकीय एवं निजी विद्यालयों को समय पर इसकी सूचना उपलब्ध हो जाएं एवं सभी विद्यालयों का संभागित्व इसमें रहे।
2. अधिकाधिक विद्यालयों के संभागित्व हेतु आपके स्तर पर आपके जिले में व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए। सांस्कृतिक मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्राप्त फोल्डर को भेजना सुनिश्चित करे।
3. यह निर्देश जारी कराएँ कि सभी विद्यालय अनिवार्यतः इसमें भाग लेवें।
4. विद्यार्थियों के लिए ये निर्देश जारी करावें कि –

- विज्ञान सेमिनार में **कक्षा 8 से 10 तक** के विद्यार्थी ही भाग ले सकते हैं।
- विज्ञान सेमिनार में पहले चरण में लिखित परीक्षा आयोजित की जाती है इस हेतु 20 प्रश्नों का प्रश्न पत्र होगा जिसकी समयावधि 20 मिनिट तथा पूर्णांक 10 अंक का होगा।
- द्वितीय चरण में मौखिक प्रस्तुति देनी होगी जिसकी भाषा हिन्दी, अंग्रेजी या मान्यता प्राप्त भारतीय भाषा होगी। इसमें संभागी दिए गये विषय पर अधिकतम 6 मिनिट की अवधि तक अपनी प्रस्तुती दे सकेगे, इसके पश्चात् 2 मिनट का प्रश्नकाल होगा जिसमें संभागी से निर्णायकों द्वारा कुल तीन प्रश्न पूछे जाएगें जिसमें से संभागी को इसी समयावधि में किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर देने होगें।
- प्रस्तुतीकरण का मूल्यांकन तीन निर्णायकों द्वारा कराया जाएगा।

प्रस्तुतीकरण का मूल्यांकन निम्न प्रारूप में किया जाएगा–

| कोड संख्या | प्रस्तुति में वैज्ञानिक तथ्य | भाषा प्रवाह | निर्णायक द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देने की योग्यता | सहायक सामग्री में नवाचार | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| | 40 अंक | 25 अंक | 10 अंक | 15 अंक | 90 अंक |

- परिणाम तीनों निर्णायकों द्वारा दिए गए अंकों के औसत अंक एवं लिखित परीक्षा के प्राप्तांकों के योग के आधार पर निम्नांकित प्रारूप में तैयार किए जाए–

| कोड संख्या | निर्णायक I द्वारा प्रदत्त अंक | निर्णायक II द्वारा प्रदत्त अंक | निर्णायक III द्वारा प्रदत्त अंक | योग | औसत | लिखित अभिवृत्ति परीक्षा के प्राप्तांक | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 90 अंक | 90 अंक | 90 अंक | 270 अंक | 90 | 10 अंक | 100 |

www.rajteachers.com

सहायक दृश्य सामग्री संबंधी आवश्यक निर्देश–

- सहायक सागग्री में चार्टस, पोस्टर्स प्लास्टिक फ्रेम स्लाइड्स, ओवर हेड प्रोजेक्टर की स्लाइड का उपयोग किया जा सकता हैं। लेकिन प्रस्तुति के दौरान कुल 5 से अधिक सहायक सामग्री का उपयोग नहीं किया जाए।
- चार्टस, पोस्टर्स की साइज 85 सेमी (चौडाई), 60 सेमी (ऊँचाई) से अधिक नहीं हों। सभी चार्टस, पोस्टर्स कैलेण्डर की तरह एक के ऊपर एक, आपस में बंधे हों। चार्ट की एक साईड को एक युनिट माना जाएगा। अथवा
- स्लाइड्स 3.5 सेमी के प्रारूप में हो तथा प्लास्टिक फ्रेम में हो। अथवा
- ओवर हेड प्रोजेक्टर की स्लाइड A4 साइज से बड़ी नही हो। अथवा
- कम्प्यूटर आधारित स्लाईड में एनीमेशन, रोल ओवर पॉप अप्स इत्यादि न हो। एक स्लाईड के प्रदर्शन में किसी भी प्रकार की अंतक्रिया (INTERACTION) स्वीकार नहीं है।
- मॉडल, विडियों फिल्म का उपयोग नहीं करें।
- विशेष–दिव्यांग विधार्थियों को छोडकर विवेचना के दौरान कोई भी अध्यापक / मार्गदर्शक को मंच पर संभागी की किसी प्रकार की सहायता करने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।
- उक्त नियम जिला एवं राज्य दोनों स्तर पर लागू होंगे।

5. जिला स्तर पर विजेता विद्यार्थी के पुरस्कार वितरण की व्यवस्था जिला स्तर पर ही की जाए।
6. विज्ञान सेमिनार समाप्ति के पश्चात् तत्काल मेल द्वारा एवं हार्ड कापी में प्रतिवेदन परिषद् को अवश्य भिजवाएँ।
7. **जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थी** की सूचना संलग्न प्रारूप में **अनिवार्यतः 14,अगस्त,2019 तक Email ID director. siert@rajasthan.gov.in द्वारा एवं हार्ड कापी में** भिजवाना सुनिश्चित करें। राज्य स्तर पर प्रत्येक जिले का संभागित्व अनिवार्य है अन्यथा निदेशालय, बीकानेर द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। राज्य स्तरीय विज्ञान सेमिनार में भाग लेने हेतु संबंधित विद्यार्थी को समय पर सूचित करें कि शिविरा पंचांग के अनुसार **दिनांक 26.08.2019, सोमवार को प्रातः 10.00 बजे एस.सी.ई.आर.टी. उदयपुर** में अनिवार्य उपस्थित होवें।
8. राज्य स्तरीय विज्ञान सेमिनार जो कि **दि. 26,08.2019 को एस.सी.ई.आर.टी. उदयपुर** में आयोजित किया जाएगा, इसमें **जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थी** ही भाग लेंगे।
9. राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त संभागी विद्यार्थी राष्ट्रीय विज्ञान सेमिनार में राज्य का प्रतिनिधित्व करता है।
10. किसी प्रकार की जानकारी हेतु दूरभाष नं. 0295–2415171 अथवा 9414184303 पर संपर्क किया जा सकता है।

संलग्न– प्रतिवेदन एवं पंजीयन प्रारूप

निदेशक
राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर
दि. 23.07.2019

www.rajteachers.com

**क्रमांक–राराशैअप्रसं–उदय / प्र–1 / सेमिनार / फा–1226 / 19**

**प्रतिलिपि–**

1. निदेशक, महोदय, माध्यमिक / प्रारम्भिक शिक्षा, निदेशालय, बीकानेर
2. सयुक्त निदेशक समस्त मण्डल को भेजकर निवेदन है कि आपके मण्डल में आने वाले समस्त जिलों राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व **दि. 26.08.2019 को एस.सी.ई.आर.टी. उदयपुर** में सुनिश्चित करावें।
3. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी समस्त जिले को भेज कर लेख है कि सम्बंधित जिले में जिला स्तरीय विज्ञान सेमीनार आयोजन सुनिश्चित करावे।
4. नेशनल कॉडिनेटर बिरला इन्ड्रशीयल एवं टेक्निकल म्यूजियम, कलकत्ता
5. शैक्षिक एवं क्षेत्रीय समन्वयक वेस्ट जोन एनएसएस मुम्बई
6. निजी निदेशक परिषद् उदयपुर
7. कार्यालय प्रति

निदेशक
राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर